Title: Need to provide recognition to Divisional Office of M.M.T.C., the procurement unit of Iron ore and magneese ore at Nangla on the border of Bihar and Orissa.

श्री जुआल उराम (सुन्दरगढ़) : सभापति महोदय, आप जानते हैं कि उड़ीसा और बिहार में आयरन ओर और मैंगनीज ओर का भरपूर भंडार है। बिहार और उड़ीसा की सीमा पर नांगला नाम का एक स्थान है जिसमें एम.एम.टी.सी. का डिवीजनल ऑफिस है। उस ऑफिस के जरिए लाखों-लाखों टन आयरन ओर, मैंगनीज ओर प्रोक्योर करके पैरादीप बंदरगाह द्वारा एक्सपोर्ट हो रहा है। इस बीच उस यूनिट को कम करने पर कुछ विचार हो रहा है। मैं निवेदन करता हूं कि उस विभाग को डिवीजनल ऑफिस की मान्यता दी जाए और वहां के ऑफिस को उसका स्टेटस पुनः दिया जाए।